FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

इस प्रश्न–पत्र में 23 मुद्रित पृष्ठ हैं । जिस में नए पाठ्यक्रम के 16 प्रश्न एवं पुराने पाठ्यक्रम के 31 प्रश्न हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. 46/AS/3–A

# HINDI
## (हिन्दी)
## (201)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1 परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि पुस्तिका के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

4 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पुस्तिका की कोड संख्या **46/AS/3–A** लिखें ।



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न पुस्तिका में दो प्रश्नपत्र हैं : एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**नया पाठ्यक्रम**' अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**पुराना पाठ्यक्रम**' अंकित है ।

2. **नया पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2012-13 (ब्लॉक–I) में हुआ है । (जो अप्रैल 2013 में '**नए पाठ्यक्रम**' के अंतर्गत परीक्षा में बैठने जा रहे हैं ।)

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2012-13 (ब्लॉक–I) के पहले हुआ है ।

4. परीक्षार्थी उपर्युक्त निर्देश के अनुसार केवल एक प्रश्नपत्र की ही परीक्षा दें ।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्नपत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की आज्ञा नहीं है ।



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

# HINDI

**NEW**

## (हिन्दी)

## (201)

**New Syllabus / नया पाठ्यक्रम**

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

निर्देश :

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2 प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं ।

firstranker.com

1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) रहीम के अनुसार कोयल किस ऋतु में मौन साध लेती है ?

(A) ग्रीष्म (B) वसंत

(C) शरद (D) वर्षा

(ख) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में देह की पतली कमर की लचीली कौन है ?

(A) लड़की (B) सरसों

(C) अलसी (D) मछली

(ग) कवि ने जगाने का अनुरोध सूर्य, पवन और पक्षी से किया हैं क्योंकि वे –

(A) सुन्दर हैं (B) क्रियाशील हैं

(C) प्रगतिशील हैं (D) अनुभवी हैं



www.FirstRanker.com

(घ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में पेड़ों के हजारों हजार हाथों से हिलने से अभिप्राय है –

(A) रक्षा की गुहार लगाना (B) ख़ुशी से झूम उठना

(C) तूफ़ान से काँपना (D) हवा से थिरकना

(ङ) 'इसे जगाओ' कविता में 'क्षिप्र' किसे बताया गया है ?

(A) जो घबराकर भागता है

(B) जो तेज रफ्तार से चलता है

(C) जो अवसर को नहीं चूकता

(D) जो क्षणभर को सजग रहता है

2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(i) 'उनको प्रणाम' कविता का मूल भाव क्या है ?

(ii) 'अंबर–पनघट में डुबो रही, तारा–घट, ऊषा नागरी ।'
इन पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ?

(iii) 'गुरु कुम्हार सिष कुंभ है, गढ़ि–गढ़ि काढ़ै खोट –'
दोहे की इस पंक्ति के आधार पर गुरु–शिष्य के संबंध का आदर्श रूप क्या है ?

(iv) 'विविध सुमनों की एक माला' आह्वान कविता की इस पंक्ति से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(v) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने चने को गुलाबी मुरैठा बाँधे बैठा हुआ क्यों कहा है ?

(vi) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के आधार पर प्रकृति के प्रति मनुष्य के किन्हीं दो कर्त्तव्यों को लिखें ।

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

3 निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है, इसके कवि के नाम का उल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य–सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

जो लोग, पीछे थे तुम्हारे, बढ़ गए, हैं बढ़ रहे,
पीछे पड़े तुम, दैव के सिर दोष अपना मढ़ रहे !
पर कर्म–तैल बिना कभी विधि–दीप जल सकता नहीं,
है दैव क्या ? साँचे बिना कुछ आप ढल सकता नहीं ।

**अथवा**

सुना है कभी
रात के सन्नाटे में अँधेरे से मुँह ढाँप
किस कदर होती हैं नदियाँ ?
इस घाट अपने कपड़े और मवेशी धोते
सोचा है कभी कि उस घाट
पी रहा होगा कोई प्यासा पानी
या कोई स्त्री चढ़ा रही होगी किसी देवता को अर्घ्य ?

4 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) 'कबीर' के अनुसार हमें अपने स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए क्या कदम उठाना चाहिए ?

(ख) क्या आज़ादी का सम्बन्ध कर्म से है ? यदि हाँ, तो कैसे ? 'आज़ादी' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर बताइए कि सरसों को 'हो गई सबसे सयानी' क्यों कहा गया है ?

(घ) 'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने किन लोगों के प्रति आदर का भाव प्रकट किया है ?



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

5 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : 3

'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर बताइए कि बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक है ? क्या आज के समाज में यह उदाहरण प्रासंगिक है ?

**अथवा**

'इसे जगाओ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि समय पर सजग रहने का क्या महत्व है ? और ऐसा न करने के क्या परिणाम होंगे ?

6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(i) लेखिका ने खिड़की की जाली का एक कोना खोल दिया ताकि –

(A) बाहर की गिलहरियाँ अंदर आ सकें ।

(B) बाहर से ठंडी हवा आ सके ।

(C) गिल्लू आजादी से आ-जा सके ।

(D) सोनजुही की गंध कमरे में आ सके ।

(ii) एवरेस्ट अभियान-दल में बचेंद्री पाल के साथ निम्न में से कौन था ?

(A) तेनजिंग (B) हंसा देई

(C) जुंके ताबी (D) अंग दोरजी

(iii) फोटो के नीचे छपी सूचना को अखबार की भाषा में कहते हैं –

(A) इंट्रो (B) सब हेडिंग

(C) कैप्शन (D) समाचार स्रोत

(iv) 'पढ़ें कैसे' पाठ के अनुसार असली पढ़ना कहलाता है, सामग्री में दिए गए –

(A) शब्दों को समझना (B) अक्षरों को पहचानना

(C) वाक्यांशों को पढ़ना (D) दिए गए विचार को समझना



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

(v) 'सुखी राजकुमार' कहानी में नगर के लोग राजकुमार की प्रतिमा की तारीफ़ करते थे, क्योंकि –

(A) उसकी प्रतिमा में बहुमूल्य वस्तुएँ लगी थीं ।

(B) जब वह जीवित था, तो लोगों की सहायता करता था ।

(C) मूर्ति बनने पर राजकुमार का आत्म–विस्तार हो गया था ।

(D) प्रतिमा में विश्व–भर के कलाकारों की प्रतिमा लगी थी ।

(vi) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' पाठ के अनुसार आदमी की पूँछ झड़ गई क्योंकि वह –

(A) कम उपयोगी थी (B) असुविधाजनक थी

(C) पशुता की निशानी थी (D) अनुपयोगी थी

7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में दीजिए : 1×7=7

(i) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के 'मीर' नामक पात्र का एक चारित्रिक दोष लिखिए ।

(ii) बहादुर घर में 'फिरकी की तरह नाचता रहता था ।' – का आशय स्पष्ट करें ।

(iii) लेखिका ने 'गिल्लू' नामक पाठ के आरंभ में ही सोनजुही की पीली कली को क्यों याद किया है ?

(iv) चीखते–तड़पते रोगी को मदर मार्गरेट 'कुछ नहीं, कुछ नहीं' कहकर क्या समझाना चाहती थी ?

(v) एवरेस्ट पर पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला की दो विशेषताएँ लिखिए ।

(vi) अखबारों में समाचार के साथ प्रकाशित होने वाली फोटो का क्या महत्व है ?

(vii) 'सुखी राजकुमार' कहानी के अन्त में ईश्वर के देवदूत नगर से कौन–सी दो मूल्यवान वस्तुएँ ले गए ?



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

8 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

''जब मैं जीवित था'' – मूर्ति ने उत्तर दिया – ''और मेरे वक्ष में मनुष्य का हृदय धड़कता था, तब मेरा आँसुओं से परिचय नहीं हुआ था । मैं आनन्द–महल में रहता था, जहाँ दुख को प्रवेश करने की इजाज़त नहीं थी । दिन में मैं अपने उद्यान में विलास करता था और रात को नृत्य में लगा रहता था । मेरे उद्यान के चारों ओर एक प्राचीर थी, किंतु मेरे चारों ओर इतना सौन्दर्य था कि मैंने कभी बाहर देखने का प्रयत्न नहीं किया । मैं जीता रहा और मर गया । आज जब मैं मर गया हूँ, तो उन्होंने मुझे इतने ऊँचे पर स्थापित कर दिया है कि मैं संसार की सारी कुरूपता और दुख–दर्द देख सकता हूँ । मेरे ही नगर में इतना दुख है कि यद्यपि मेरा हृदय जस्ते का है, मगर फिर भी फटा जा रहा है ।''

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से है ? इसके लेखक का नाम बताइए ।

(ख) मूर्ति ने कहा कि मैंने कभी बाहर देखने का प्रयत्न नहीं किया । – अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि मूर्ति ने ऐसा क्यों कहा ?

(ग) मूर्ति ने क्यों कहा कि मेरा हृदय फटा जा रहा है ?

**अथवा**

मनुष्य पशु से किस बात से भिन्न है आहार–निद्रा आदि पशु–सुलभ स्वभाव उसके ठीक वैसे ही हैं, जैसे अन्य प्राणियों के । लेकिन वह फिर भी पशु से भिन्न है । उसमें संयम है, दूसरे के सुख–दुख के प्रति संवेदना है, श्रद्धा है, तप है, त्याग है । ये मनुष्य के स्वयं के उद्भावित बंधन हैं । इसीलिए मनुष्य झगड़े–टन्टे को अपना आदर्श नहीं मानता, गुस्से में आकर चढ़ दौड़ने वाले अविवेकी को बुरा समझता है एवम् वचन, मन एवं शरीर से किए गए असत्याचरण को गलत आचरण मानता है । यह किसी भी जाति या वर्ण या समुदाय का धर्म नहीं है, यह मनुष्य मात्र का धर्म है । 'महाभारत' में इसीलिए निर्वैर भाव, सत्य और अक्रोध को सब वर्णों का सामान्य धर्म कहा है ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ख) मनुष्य पशु से किन बातों में भिन्न है ?

(ग) महाभारत में सामान्य धर्म किसे कहा गया है ? क्यों ?



www.FirstRanker.com

9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग 20-20 शब्दों में लिखिए : **2×4=8**

(i) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' इस पाठ के आधार पर बताइए कि शस्त्रों की बढ़त को रोकना क्यों आवश्यक है ?

(ii) वाजिदअलीशाह के बंदी बनाए जाने का मिरजा और मीर को कोई मलाल नहीं था । क्यों ?

(iii) मदर मार्गरेट का जादू क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'बहादुर' अपने माँ–बाप को प्यार करता था पर फिर भी वह घर से भाग गया – कारण स्पष्ट कीजिए ।

(v) 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर बताइए कि हिटलर को मदर ने क्यों बुरा कहा ?

10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए : **3×3=9**

(i) 'बहादुर' कहानी में निर्मला किस प्रकार दूसरों के दबाव में आकर अपने नौकर के प्रति बदल गई ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'अपने बादशाह के लिए जिनकी आँखों से एक बूँद आँसू न निकला, उन्हीं दोनों प्राणियों ने शतरंज के वज़ीर की रक्षा में प्राण दे दिए ।' लेखक ने मिरजा और मीर के चरित्र पर ऐसा व्यंग्य क्यों किया ? 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के आधार पर स्पष्ट करें ।

(iii) नाखून काटने से क्या होता है ? मनुष्य की बर्बरता घटी कहाँ है, वह तो बढ़ती जा रही है । – 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए ।

(iv) लेखक मदर टेरेसा से बातचीत करने के उपरांत किस प्रकार की दीवारों के बारे में सोचता रहा ? आपकी दृष्टि में इन दीवारों को गिराना क्यों जरूरी है ?

11 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

तूफ़ानों की ओर घुमा दो
नाविक ! निज पतवार ।

आज सिंधु ने विष उगला है
लहरों का यौवन मचला है
आज हृदय में और सिंधु में
साथ उठा है ज्वार ।
तूफ़ानों की ओर घुमा दो
नाविक ! निज पतवार ।

लहरों के स्वर में कुछ बोलो
इस अंधड़ में साहस तोलो
कभी-कभी मिलता जीवन में तूफ़ानों का प्यार ।

तूफ़ानों की ओर घुमा दो
नाविक ! निज पतवार ।

यह असीम, निज सीमा जाने
सागर भी तो यह पहचाने
मिट्टी के पुतले मानव ने कभी न मानी हार ।

(i) नाविक की पतवार का तूफ़ानों की ओर जाने से क्या होगा ? स्पष्ट कीजिए ।

(ii) कवि के हृदय और सिंधु में आज क्या समानता है ?

(iii) जब जीवन में तूफ़ानों का प्यार मिले तो क्या करना चाहिए और क्यों ?

(iv) कवि सागर को क्या समझाना चाहता है ?

(v) प्रस्तुत काव्यांश का मूल भाव क्या है ?



firstranker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

12 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या के समाधान के लिए अनिवार्य है कि जनसंख्या की वृद्धि–दर में कमी लाई जाए । इसके लिए सर्वप्रथम जन्म–दर में कमी लानी होगी । इसके लिए लड़के तथा लड़की की विवाह योग्य आयु बढ़ानी होगी । देरी से विवाह करने से बच्चे कम होंगे । 18 वर्ष से पूर्व होने वाले विवाह कानूनी रूप से रोकने होंगे । आत्मसंयम तथा परिवार–नियोजन के साधनों से भी जन्म–दर कम की जा सकती है । शिक्षा के अधिक प्रचार से भी हम लोगों को छोटे परिवार के लाभ बताकर जन्म–दर कम करने के लिए शिक्षा दे सकते हैं । लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उनका जीवन–स्तर ऊँचा उठाया जाए तो भी जन्म–दर में कमी आ सकती है । जनसंख्या की गुणात्मक समस्या को सुलझाने के लिए जरूरी है कि देश का आर्थिक विकास किया जाए । इसके लिए देश के प्राकृतिक साधनों का पूरा उपयोग करते हुए कृषि तथा उद्योगों के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने के लिए नए–नए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना चाहिए । अतः हम सभी जागरुक नागरिकों का कर्त्तव्य है कि जनसंख्या नियन्त्रित कर देश को सुखी और समृद्ध बनाने में सहयोग दें ।

(i) जनसंख्या की वृद्धि–दर कम करने के दो उपाय बताइए ।

(ii) शिक्षा का प्रचार–प्रसार क्यों आवश्यक है ?

(iii) जनसंख्या की गुणात्मक समस्या कैसे सुलझेगी ?

(iv) देश का आर्थिक विकास कैसे होगा ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

13 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(i) सन्धि–विच्छेद कीजिए :

स्वागत, देवेन्द्र

(ii) विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए :

दशानन अथवा नर–नारी



www.FirstRanker.com

(iii) 'अभि' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए ।

(iv) हरि समाचार पत्र पढ़ता है । (कर्त्ताकारक छाँटिए ।)

(v) मैं बाजार गया और फल-सब्जी खरीद लाया । (सरल वाक्य में बदलिए ।)

(vi) आकाश पाताल एक करना, अंग अंग मुस्कराना – किसी एक मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए ।

(vii) निम्नलिखित शब्द युग्म का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए :

आदि – आदी

(viii) 'वह छत पर से गिर गया ।' (वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।)

(ix) विलोम शब्द लिखिए :

कृतज्ञ, पाप

(x) 'आऊ' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए ।

14 निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक तिहाई शब्दों में लिखिए : 5

समय सबसे बड़ी औषधि है, वह ऐसा मरहम है, जो बड़े से बड़े घाव को भी भर देता है । लेकिन यदि कोई व्यक्ति उन यादों का क्लेश पालकर बैठ जाए, तो वह चाहे कितने ही जन्म क्यों न ले ले, उसे भुला नहीं पाएगा, इसलिए कड़वी यादों को जितनी जल्दी हो सके, भुला देना ही अच्छा है । कड़वी यादें व्यक्ति को सामान्य जीवन नहीं जीने देतीं । वे उसे तनावग्रस्त बना देती हैं और यहि तनाव सभी रोगों की जड़ बनता है । कड़वी यादों से चिपके रहने में कोई तुक नहीं है । अतीत की कड़वी यादों को सँजोकर रखने वाले अपना वर्तमान और भविष्य दोनों ही नष्ट कर लेते हैं । गड़े मुर्दों को उखाड़ने से कोई लाभ नहीं । संबंधों को तोड़ना जितना आसान है, उन्हें जोड़ना उतना ही मुश्किल । यदि कुछ याद ही रखना है, तो मधुर यादों को सँजोकर रखें जो आपको सुखद अनुभूति देंगी । उन अच्छे पलों को याद कीजिए, जो आपने और सामने वाले ने मिलकर जिए हैं । आप पाएँगे कि जीवन वास्तव में बहुत सुंदर हैं जिसे हमने अपनी कुंठाओं से स्वयं ही बदसूरत बना रखा था । भुला दो पुरानी बातें और ले चलो स्वयं को सुन्दर कल की ओर ।



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

15 अपने क्षेत्र में मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए । 5

अथवा

अपने छोटे भाई को कुसंगति से बचने का परामर्श देते हुए पत्र लिखिए । 5

16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखें : 10

(i) विद्यार्थी और अनुशासन

(ii) दहेज–प्रथा : एक अभिशाप

(iii) सब पढ़ें, सब बढ़ें

(iv) मुड़ो, प्रकृति की ओर

(v) महिलाओं के सम्मान का प्रश्न ।

firstranker.com



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

# HINDI

OLD

(हिन्दी)

(201)

Old Syllabus / पुराना पाठ्यक्रम

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

निर्देश :

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2 सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए ।

3 प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं।

4 निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. सं. 1 से 11 तक) के चार–चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से सही उत्तर वाला विकल्प लिखिए।

1 'इसे जगाओ' कविता में महत्व बताया गया है – 1

(A) चलते रहने का (B) प्रातःकाल का

(C) सजग रहने का (D) सूर्योदय का

2 'मोको कहाँ ढूँढे रे बंदे'.... पद के अनुसार ईश्वर को कहाँ ढूँढना चाहिए? 1

(A) कर्मकांड में (B) अपने हृदय में

(C) मंदिर–मस्जिद में (D) योग–वैराग में



www.FirstRanker.com

3 'वधु–वसुधा पुलकित अंग–अंग' में कौन–सा अलंकार है? 1

(A) रूपक (B) अन्योक्ति

(C) उपमा (D) दृष्टांत

4 'बहुत दिनों के बाद' कविता के आधार पर बताइए कि कवि गँवई पगडंडी पर चलकर किस प्रकार का सुख अनुभव करता है? 1

(A) स्पर्श का (B) रस का

(C) गंध का (D) रूप का

5 'अपना–पराया' पाठ के आधार पर बताइए कि भोजन में आए अनचाहे पदार्थों को जीभ : 1

(A) दाँतों से दूर रखती है (B) पहचान लेती है

(C) नहीं पहचान पाती (D) पेट में पहुँचा देती है

6 'अच्छा कौन' लघुकथा में ऐंग्लो इंडियन महोदय ने अंग्रेजी भाषा की प्रशंसा करते हुए निम्नलिखित में से कौन–सी बात नहीं कही? 1

(A) सरल भाषा है (B) प्राचीन भाषा है

(C) विश्व में बोली जाती है (D) समृद्ध साहित्य है

7 आदिवासियों की 'भोटिया' नामक जनजाति किस प्रदेश में पायी जाती है? 1

(A) छत्तीसगढ़ (B) झारखंड

(C) उत्तराखंड (D) मिज़ोरम

8 'बेटा बनकर सबने खाया, बाप बनकर किसी ने नहीं।' – यहाँ 'बेटा बनने' का अर्थ है – 1

(A) जवान होना (B) चापलूस होना

(C) चुस्त होना (D) विनम्र होना

9 'सार लेखन' में होना चाहिए मूल सामग्री का – 1

(A) एक तिहाई (B) दो तिहाई

(C) एक चौथाई (D) लगभग आधा

10 अखबार में 'बाइ लाईन' संकेत करती है – 1

(A) संपादक का (B) वितरक का

(C) प्रकाशक का (D) संवाददाता का

11 जब संदीप ने राजेश से कॉपी माँगी तो उसने देने से साफ मना कर दिया – में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा है – 1

(A) अंगूठा दिखाना (B) अंगारे उगलना

(C) आपे से बाहर होना (D) आँखें दिखाना



firstranker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

**12** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

परिश्रम को सफलता की कुंजी माना गया है। जीवन में सफलता पुरूषार्थ से ही प्राप्त होती है। कहा भी है – उद्योगी पुरूष – सिंह को लक्ष्मी वरण करती है। जो भाग्यवादी हैं उन्हें कुछ नहीं मिलता। वे हाथ–पैर बाँधे बैठे रह जाते हैं। अवसर उनके आगे से निकल जाता है। भाग्य कठिन परिश्रम का ही दूसरा नाम है।

प्रकृति को ही देखिए। सारे जड़–चेतन अपने कार्य में लगे रहते हैं। चींटी को भी पल भर चैन नहीं। मधुमक्खी जाने कितनी लंबी यात्रा कर बूँद–बूँद मधु जुटाती है। मुर्गे को सुबह बाँग लगानी ही है। फिर मनुष्य को बुद्धि मिली है, विवेक मिला है। वह निठल्ला बैठे तो सफलता की कामना करना व्यर्थ है।

विश्व में जो देश आगे बढ़े हैं, उनकी सफलता का रहस्य कठिन परिश्रम ही है। जापान को दूसरे विश्व–युद्ध में मिट्टी में मिला दिया गया था। उसकी अर्थव्यवस्था छिन्न–भिन्न हो गई थी। दिन–रात जी–तोड़ श्रम करके वह पुनः विश्व का प्रमुख औद्योगिक देश बन गया। चीन को शोषण से मुक्ति भारत से देर में मिली, वह आज भारत से आगे निकल गया है।

संसार के अनेक महापुरुष परिश्रम के प्रमाण हैं। कालिदास, तुलसी, टैगोर और गोर्की परिश्रम से ही अमर हुए। बड़े–बड़े धन–कुबेर निरंतर श्रम से ही असीम संपत्ति के स्वामी बने हैं। फोर्ड साधारण मैकेनिक थे। धोनी भी रेलवे में सामान्य कर्मचारी थे। लगन और दृढ़ संकल्प, परिश्रम को सार्थक बना देते हैं। गरीबी के साथ परिश्रम जुड़ जाए तो सफलता मिलती है और अमीरी के साथ श्रमहीनता या निठल्लापन आ जाए तो असफलता मुँह बाए खड़ी रहती है।

(i) उद्योगी पुरूष का वरण कौन करता है? **1**

(ii) मधुमक्खी मधुसंचय कैसे करती है? **1**

(iii) इस अंश में 'भाग्य' के विषय में क्या कहा है? **2**

(iv) लेखक ने श्रम का बल समझाने के लिए किन–किन देशों का उल्लेख किया है? **2**

(v) परिश्रम से अमर होने वाले महापुरूषों के बारे में बताइए। **2**



www.FirstRanker.com

(vi) गरीबी के साथ परिश्रम तथा अमीरी के साथ श्रमहीनता का औचित्य बताइए। 2

(vii) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(viii) परिश्रम को क्या माना गया है? 1

(A) सफलता का मार्ग (B) सफलता की कुंजी

(C) सफलता का आधार (D) सफलता का साधन

(ix) किसके कारण मनुष्य प्रकृति से भिन्न है? 1

(A) भाग्य और श्रम के (B) पुरूषार्थ और भाग्य के

(C) साहस और वीरता के (D) बुद्धि और विवेक के

13 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम-स्थल।
जीव जहाँ से फिर चलता है।
धारण कर नव-जीवन-संबल।
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें,
श्रम से कातर जीव नहाकर।
फिर नूतन धारण करता है,
काया-रूपी वस्त्र बहाकर।

(i) मृत्यु को एक सरिता क्यों कहा है? 2

(ii) इस काव्यांश का मूल-भाव लिखें। 2

(iii) 'जीव' से क्या तात्पर्य है? 1

(A) मनुष्य (B) आत्मा

(C) पशु–पक्षी (D) मन

(iv) काया–रूपी वस्त्र में कौन–सा अलंकार है? 1

(A) रूपक (B) उपमा

(C) अनुप्रास (D) यमक

14 'ठेले पर हिमालय' पाठ के आधार पर बताइए कि पुराने साधक हिमालय पर क्यों जाते थे? 1

15 स्कूली शिक्षा के दौरान कल्पना चावला क्या सपने देखती थी? भारत की ये बहादुर बेटियाँ पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। 1

16 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में ठिगना चना सजकर क्यों खड़ा है? 1

17 'आज मैं बीज हूँ' कविता में 'गर्क हूँ धरती की जादुई कोख में' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

18 (क) बोली किसे कहते है? 1

(ख) राजभाषा से आप क्या समझते हैं? 1



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

19 निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो का संधि-विच्छेद कीजिए : **2**

सत्याग्रह, स्वागत, अभीष्ट

(ख) 'अनु' तथा 'परा' उपसर्ग लगाकर कोई दो शब्द बनाइए : **2**

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त रेखांकित शब्दों के विलोम से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(1) मनुष्य बराबर <u>अहिंसा</u> की ओर चलना चाहता है, किंतु परिस्थितियाँ उससे ______ करवाती रही हैं। **1**

(2) संत रामानंद के शिष्यों में <u>निर्गुण</u> और ______ दोनों ही प्रकार के भक्त थे। **1**

20 निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए – **2**

अपनी खिचड़ी अलग पकाना, खरी-खोटी सुनाना, दाल में कुछ काला होना

21 पत्रों में तिथि लिखना क्यों आवश्यक है? **1**

22 आप परीक्षा के दिन ट्रैफिक जाम के कारण दस मिनट देर से परीक्षा भवन पहुँचे ; उस समय की अपनी मन:स्थिति पर प्रकाश डालिए। **4**

23 'मेघ आए' कविता में कवि ने आकाश में बादल और गाँव में मेहमान के आने का जो रोचक वर्णन किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए। **5**



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

24 आपके मुहल्ले में दो पेय जल के नल लगे हैं, जिनमें हर समय पानी उपलब्ध है। प्रायः लोग नल खुला छोड़ देते हैं। एक जागरूक नागरिक होने के नाते आप इस नल का सदुपयोग करने की हिदायत देते हुए एक निर्देश पत्रिका तैयार कीजिए, जिसमें यह स्लोगन भी सम्मिलित हो – 5

पानी नहीं अमृत अनमोल, एक बूँद धरा पर व्यर्थ न घोल।

**अथवा**

अपने नगर की किसी कालोनी में आपका 250 वर्ग गज का एक भूखंड है, उसे बेचने के लिए विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए। 5

25 निम्नलिखित शब्द युग्मों में से किन्हीं दो युग्मों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए – 4

(क) सदा / सादा

(ख) मूल / मूल्य

(ग) नीर / नीड़

26 सरकारी अस्पताल के चार वार्डों में डेंगू से प्रभावित कुल 60 मरीज दाखिल हैं। जिनमें वार्ड (1) में क्रमशः 5 बच्चे, 7 पुरूष व 6 महिलाएँ हैं, वार्ड (2) में 8 बच्चे, 4 पुरूष व 3 महिलाएँ हैं, वार्ड (3) में 5 पुरूष, 8 महिलाएँ हैं तथा वार्ड (4) में 6 बच्चे, 8 महिलाएँ हैं। 5

इस विवरण को तालिका द्वारा दर्शाइए।



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

27 'सरकारी मकान' कहानी के आधार पर सुमित्रा के चरित्र की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

28 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(क) आज हम चाय नहीं पिए।

(ख) महात्मा गांधी का देश आभारी है।

(ग) केवल यहाँ मात्र दो पुस्तकें हैं।

(घ) यह बात निश्चय रूप से नहीं कही जा सकती।

(ङ) गुलामी की दासता किसे पसंद होगी?

29 अपने क्षेत्र में पेड़–पौधों की अनियंत्रित कटाई को रोकने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए। 7

**अथवा**

बीमारी के कारण बोर्ड की परीक्षा न दे पाने वाले अपने मित्र को प्रेरणा देते हुए एक पत्र लिखिए।

30 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपने विचार लगभग पचास शब्दों में व्यक्त कीजिए। 5

(क) आत्मनिर्भरता

(ख) परहित सरिस धर्म नहीं दूजा

(ग) लड़का–लड़की एक समान

(घ) मेरी अविस्मरणीय यात्रा



www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

31 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) बढ़ते वाहन, बढ़ती समस्या

(ख) विद्यार्थी और फैशन

(ग) प्राकृतिक आपदा

(घ) विज्ञान के बढ़ते चरण

firstranker.com



www.FirstRanker.com